दिनांकः 26.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर के दौरे पर रहेंगे। वे शाम को आदर्श नगर के दशहरा मैदान, में आयोजित हिन्दू आध्यात्मिक और सेवा मेला 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

....

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर आज टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान सभागार में आयोजित होगा। इसके बाद, श्री खींवसर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय–आरयूएचएस में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में नई हाई एंड लो कैपेसिटी लीनियर एक्सीलेटर जांच मशीन का लोकार्पण करेंगे। वे आरयूएचएस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण भी करेंगे।

....

जयपुर में गांधी वाटिका का संचालन आगामी दो अक्टूबर से पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग करेगा। सेंट्रल पार्क स्थित गांधी दर्शन म्यूजियम (गांधी वाटिका) के बेहतर संचालन के लिए एक समिति भी गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। ये समिति नियमित रूप से वाटिका के संचालन के अलावा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों के प्रचार–प्रसार पर सुझाव भी देगी। विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि डिजिटल और नई तकनीक के माध्यम से महात्मा गांधी की जीवन यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी वाटिका म्यूजियम को पर्यटन विभाग की सूची में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में गांधी वाटिका का संचालन और रखरखाव जयपुर विकास प्राधिकरण कर रहा है।

....

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी सरकारी स्मारकों और संग्रहालयों में पर्यटकों के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा। स्मारकों पर कलाकार कच्छी घोड़ी नृत्य, कालबेलिया नृत्य, बहरूपिया स्वांग और शहनाई वादन की प्रस्तुति देंगे। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पर्यटन दिवस पर स्वच्छता कार्यक्रम भी होगा। आमेर महल के पीछे सागर कुंड क्षेत्र में सुबह सफाई की जाएगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी मौजूद रहेंगी।

....

शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' आज जयपुर पहुंची। इस सीजन के पहले सफर को तय कर रही इस ट्रेन में देश–विदेश के 32 पर्यटक गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे और राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से चलाई जा रही इस ट्रेन का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। कच्छी घोड़ी नृत्य और लोक वाद्य यंत्र बजाते कलाकारों ने उनकी अगवानी की। अतिथियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

....

भरतपुर के नदबई स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एनीमिया पाठशाला का आयोजन किया गया। महिला और बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित पाठशाला में चिकित्सा, शिक्षा और यूनिसेफ संस्था के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान बालिकाओं को एनीमिया के कारण और प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। 92 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया और उन्हें हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए आयरन से भरपूर खाना खाने की सलाह दी गई । इस दौरान एनीमिया और पोषण पर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई।

....

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों के दौरान अजमेर में राजकीय बालिका विद्यालय में छात्राओं ने साफ सफाई की और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण रखने का संदेश दिया। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया।

....

प्रदेश के पूर्वी इलाकों में आज से तीस सितम्बर तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, दौसा, करौली जिलों और आस–पास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं पर बादल गरजने के साथ मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं अलवर, सवाईमाधोपुर, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ, टोंक और चित्तौडगढ जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में कल से बारिश का पूर्वानुमान है। दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में 28 से 30 सितम्बर के दौरान कहीं–कहीं बरसात की संभावना है।

....